Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 28 □ रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## सामूहिक कन्या विवाह में फर्जीवाड़ा, पहले से शादीशुदा जोड़े ने लाभ लेने फिर से रचाई शादी

**कांकेर,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 10 फरवरी को गोविंदपुर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है. एक जोड़े ने पहले से शादीशुदा होने के बावजूद योजना का लाभ लेने के लिए दोबारा शादी रचा डाली. सोशल मीडिया पर तस्वीरों के वायरल होने के बाद मामला उजागर हुआ, जिससे सत्यापन तंत्र की गंभीर लापरवाही भी सामने आई है.जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत प्रेमनगर निवासी सुदीप विश्वास और ग्राम पीवी 64 निवासी स्वर्णा मिस्त्री ने 3 जून 2025 को सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह किया था. विवाह के बाद युवती अपने पति के साथ रह रही थी. इसके बावजूद दोनों ने सामूहिक विवाह योजना में पंजीकृत कर लिया गया, और 10 फरवरी को आयोजित समारोह में एक बार फिर से सात फेरे ले लिए.

मामले के उजागर होने के बाद आवेदन और सत्यापन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं. आवेदन सेक्टर हरनगढ़ से किया गया, जबकि नियमानुसार वधू पक्ष की स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र से आवेदन अनिवार्य है. आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सेक्टर सुपरवाइजर ने बिना गहन जांच के आवेदन स्वीकार कर लिया. पंचायत से अविवाहित होने का प्रमाण पत्र तो लिया गया, लेकिन वास्तविक वैवाहिक स्थिति की पुष्टि नहीं की गई.




वायरल तस्वीरों में वर-वधू सिंदूर और बंगाली परंपरा के अनुसार पोला पहने हुए दिखाई दे रहे हैं, जो पहले से विवाहित होने का संकेत देते हैं. गौरतलब है कि योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है. ऐसे में फर्जी पंजीकरण के कारण सरकारी राशि गलत हाथों में चली गई. यह पूरा मामला योजना के सत्यापन तंत्र की बड़ी चूक और लापरवाही को उजागर करता है. प्रशासन ने मामले की जांच की बात कही है और दोषियों पर कार्रवाई के संकेत दिए हैं.

## प्रेमी से वीडियो कॉल में बात करते छात्रा ने लगाई फांसी

**जांजगीर-चांपा,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। जांजगीर जिले से सुसाइड की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां 12वीं की छात्रा ने वीडियो कॉल के दौरान अपने प्रेमी से बात करते हुए घर में फांसी लगाकर जान दे दी। इस घटना की जानकारी छात्रा के प्रेमी ने खुद सिटी कोतवाली थाने में आकर दी। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, लक्षनपुर गांव निवासी 18 वर्षीय रजनी प्रधान के माता-पिता मजदूरी करने घर से बाहर गए थे। छात्रा घर में अकेली थी। जब माता-पिता दोपहर लौटे, तो उन्हें घर के कमरे में अपनी बेटी रजनी की लाश पंखे से लटकी हुई मिली। यह देखकर उनकी हालत खराब हो गई। उन्होंने पड़ोसियों को इसकी सूचना दी। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा बना शव को फंदे से उतरवा पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी बात सामने आई कि छात्रा ने प्रेमी से वीडियो कॉल पर बात करते समय फांसी लगाकर अपनी जान दी है। छात्रा के प्रेमी ने खुद सिटी कोतवाली थाना आकर पुलिस को इसकी सूचना दी है।

छात्रा ने दोपहर दो से तीन बजे के बीच आत्महत्या की है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की तलाश में जुटी है। इस संबंध में पुलिस ने छात्रा का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है और जांच कर रही है। छात्रा के सीडीआर की भी जांच की जा रही है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि छात्रा ने आखिरी समय में किससेङ्कक्सिसे बात की थी और किन परिस्थितियों के मद्देनजर फांसी लगाई।

## आदिवासी छात्र की मौत पर बवाल
### मैनपुर में नेशनल हाईवे पर 3 घंटे चक्काजाम



**गरियाबंद/मैनपुर,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा के एक छात्र की समय पर इलाज नहीं मिलने से हुई दर्दनाक मौत के विरोध में गुरुवार को आदिवासी समाज के सैकड़ों ग्रामीणों ने मैनपुर में नेशनल हाईवे 130ष्ट पर चक्काजाम कर दिया। सुबह करीब 8 बजे शुरू हुए इस आंदोलन में ग्रामीणों ने आश्रम अधीक्षक की लापरवाही को छात्र की मौत का जिम्मेदार बताते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज करने, बर्खास्तगी और पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की। घटना को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश देखा गया और प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी की।

**आश्रम अधीक्षक अटैच मंडल संयोजक हटाए गए**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने आश्रम अधीक्षक राकेश साहू को तत्काल गरियाबंद अटैच करने, मंडल संयोजक दुर्गा प्रसाद यादव को पद से हटाने तथा मामले की जांच के लिए नई कमेटी गठित कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रशासन की समझाइश और कार्रवाई के भरोसे के बाद करीब तीन घंटे तक चले चक्काजाम को समाप्त कर दिया गया। चक्काजाम के कारण मैनपुरङ्कदेवभोग मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिससे सैकड़ों यात्री वाहन फंसे रहे और कई ग्रामीणों को किलोमीटरों पैदल चलना पड़ा। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 दिनों के भीतर प्रशासन द्वारा आश्वासन के अनुसार ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे फिर से चक्काजाम करने को बाध्य होंगे।

## उपभोक्ता संरक्षण पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन एआई के उपयोग पर होगा गहन मंथन

**रायपुर,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की ओर से केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सहयोग से दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन 21 व 22 फरवरी को रायपुर में किया जा रहा है.



दो दिनों तक आयोजित छह तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा. पहले दिन ई-जागृति, ई-फाइलिंग, ई ङ्क हियरिंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग, शिकायतों की स्वीकृति, क्षेत्राधिकार एवं प्रक्रिया संबंधी प्रावधान, डिजिटल एवं ई-कॉमर्स चुनौतियाँ, डार्क पैटर्न्स एवं भ्रामक विज्ञापन के साथ उपभोक्ता आयोग के आदेशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सुधार पर चर्चा होगी. अगले दिन 22 फरवरी को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 में आवश्यक संशोधन के साथ उपभोक्ता आयोगों में प्रक्रियात्मक एकरूपता की आवश्यकता पर चर्चा होगी. समापन सत्र में खुला संवाद होगा, जिसके बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में वैलेडिक्टरी (विदाई) सत्र आयोजित होगा. दो दिवसीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, झारखण्ड, गोवा, बिहार, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा एवं उनके जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, 8 राज्यों के सचिवगण तथा राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि इस कार्यशाला में भाग लेंगे.




चूहा- सुनती हो, कहते हैं बांग्लादेश में मोहम्मद युनूस की संपत्ति एक साल में 11 फीसदी बढ़ गई है।
चुहिया- हां जी, लेकिन उनको तो नोबेल पुरस्कार विजेता बोलते हैं।

## ट्रेन का ट्रायल : कुरुद से अभनपुर तक 100 किमी से अधिक स्पीड पर दौड़ी ट्रेन

**धमतरी,** 19 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले में बड़ी रेल लाईन की सौगात जल्द मिलने वाली है। जल्द ही पटरी पर ट्रेन दौड़ेगी। 17 फरवरी को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मुख्यालय से प्रधान मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर राजेन्द्र कुमार चौधरी समेत रेलवे सेफ्टी दक्षिण पूर्व सर्कल कोलकाता की टीम पहुंची। इस टीम ने दो दिनों तक कुरुद से अभनपुर तक रेलवे पटरी बिजली व्यवस्था पत्थरीकरन आदि का निरीक्षण किया, जब टीम ने यह पाया कि इस पटरी पर ट्रेन चलाया जा सकता है तो फिर ट्रायल को हरी झंडी दी।



18 फरवरी बुधवार की दोपहर 3 बजे अभनपुर से स्पीड इन ट्रेन के इंजन में 8 बोगी लगाकर कुरुद तक चालाया गया, इस इंजन में सेंसर लगाकर सटीक रफ्तार मापी गई। ट्रेन 100 किमी की अधिक रफ्तार से चली। खास बात कि ट्रायल के दौरान कोई बड़ी खामी सामने नहीं आई। दो स्थानों पर बिजली की प्लेट नहीं लगी थी जिसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। स्पीड ट्रेन के संचालन के तुरंत बाद सेफ्टी टीम के साथ रेलवे के अधिकारियों की बैठक हुई। खबर है कि अब मेमू ट्रेन संचालन का रास्ता साफ है। मार्च माह की शुरुआत में कुरुद से मंदिर हसौद होते रायपुर तक मेमू ट्रेन शुरु की जाएगी। बाद में मेमू ट्रेन का न सिर्फ फेरा बढ़ेगा बल्कि अन्य बड़े स्टेशन के लिए रेल सेवा शुरु किया जाएगा। कुरुद स्टेशन में स्पीड ट्रेन के ट्रायल में पहुंचे रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि धमतरी रेलवे स्टेशन तक 15 अप्रैल तक ट्रेन चलाने का लक्ष्य रखा गया है। कुरुद से पटरी संबलपुर के आगे तक बिछ गई है। जिसे जल्द ही धमतरी तक बिछा लिया जाएगा। इस रेल मार्ग में पुल, पुलिया, फाटक, पत्थरीकरण समेत अन्य कार्य कर लिया गया है। अब पटरी बिछाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। धमतरी तक के लिए स्लीपर डंप करने के साथ पटरी मंगा ली गई है। कुरुद में ट्रायल के बाद पूरा फोकस धमतरी पर रहेगा। इसलिए काम जल्द पूरा हो जाएगा। बताया कि ट्रेन चलाने के लिए पटरी व बिजली सेक्शन का काम प्राथमिकता से किया जाएगा। बाकि गोदाम, क्वार्टर समेत अन्य काम बाद में किये जाएंगे, पहली प्राथमिकता रेल सेवा को केन्द्री, अभनपुर राजिम कुरुद के बाद टर्मिनल स्टेशन धमतरी कुरुद तक शुरु करना है।

**धमतरी रेलवे स्टेशन तक 15 अप्रैल तक ट्रेन चलाने का लक्ष्य, संबलपुर के आगे तक बिछ गई है पटरी**

## एआई को जिस दिशा में लेकर जाएंगे, वैसा ही हमारा भविष्य होगा : मोदी

**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में अपने मुख्य भाषण में एआई और इसके प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए भारत के इस दृष्टिकोण को रेखांकित किया कि वह इस तकनीक को अपने सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे ऐतिहासिक एआई शिखर सम्मेलन में आप सभी का स्वागत है। भारत विश्व के सबसे बड़े तकनीकी केंद्र में स्थित है। वैश्विक दक्षिण के लिए यह गर्व की बात है कि एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत में हो रहा है। जब पहली बार वायरलेस तरीके से सिग्नल भेजे गए थे, तब किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि एक दिन पूरी दुनिया वास्तविक समय में जुड़ जाएगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव इतिहास का एक ऐसा रूपांतरण है। आज हम जो देख रहे हैं, जो भविष्यवाणी कर रहे हैं, वह तो इसके प्रभाव की मात्र शुरुआत है।



**इंपैक्ट समिट में बोले पीएम**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एआई को लाभकारी दृष्टि से देखता है और इसीलिए हमने %सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय% को अपना विषय चुना है। एआई को सभी के लिए, विशेषकर वैश्विक दक्षिण के लिए, लोकतांत्रिक बनाना आवश्यक है। एआई मशीनों को बुद्धिमान बना रहा है, लेकिन इससे भी बढ़कर, यह मानवीय क्षमताओं को कई गुना बढ़ा रहा है। केवल एक ही अंतर है- इस बार गति अभूतपूर्व है और इसका पैमाना भी अप्रत्याशित है। पहले, प्रौद्योगिकी का प्रभाव दिखने में दशकों लग जाते थे। आज, मशीन लर्निंग से लेकर लर्निंग मशीनों तक का सफर पहले से कहीं अधिक तेज, गहरा और व्यापक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वायत्त बुद्धिमत्ता का उपयोग करके एक बेहतर राष्ट्र का निर्माण कैसे किया जा सकता है और कहा कि वर्तमान में हम बुद्धिमत्ता का उपयोग किस प्रकार कर सकते हैं, इसे समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमें एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना होगा और उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी निभानी होगी। वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ हमें इस बात की भी चिंता करनी होगी कि हम आने वाली पीढ़ियों को बुद्धिमत्ता का कौन सा स्वरूप सौंपेंगे। इसलिए, आज का असली सवाल यह नहीं है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य में क्या कर सकती है।

### दुनिया में कहीं नहीं है ऐसा मॉडल : मैक्रों



नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने संबोधन की शुरुआत - नमस्ते शब्द के साथ की। इस दौरान उन्होंने कहा- इस शानदार शहर में, इस शानदार देश में हमारा स्वागत करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। प्रधानमंत्री जी, आपके द्वारा होस्ट किए गए इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इम्पैक्ट समिट में आकर बहुत अच्छा लग रहा है। अपने संबोधन में भारत की तारीफ करते हुए फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा, %दस साल पहले मुंबई में एक सड़क विक्रेता बैंक खाता नहीं खोल सकता था। न पता, न कागजात, न ही पहुंच। और आज वही विक्रेता अपने फोन पर भुगतान स्वीकार करता है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस दौरान कहा कि भारत ने ऐसा डिजिटल सिस्टम बनाया है, जो दुनिया में किसी और देश ने नहीं बनाया। उन्होंने बताया कि भारत ने 140 करोड़ लोगों के लिए डिजिटल पहचान (आईडी) बनाई है। भारत का डिजिटल पेमेंट सिस्टम हर महीने करीब 20 अरब लेन-देन करता है। इसके साथ ही भारत ने 50 करोड़ लोगों को डिजिटल हेल्थ आईडी भी जारी की है। मैक्रों ने कहा कि इन सबको मिलाकर एक व्यवस्था बनी है।

### अगले सात साल में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे : मुकेश अंबानी



**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (न्यूज चैनल)। भारत में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के चौथे दिन, गुरुवार, 19 फरवरी को कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इनमें ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अंबानी, रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सैम ऑल्टमैन और विप्रो के कार्यकारी अध्यक्ष रिशाद प्रेमजी शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए इसे वैश्विक दक्षिण के लिए गौरव का क्षण बताया। उनका संबोधन फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के भाषण के बाद आया, जिन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों की सराहना की। विश्व के सबसे बड़े कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 फरवरी को नई दिल्ली में किया, जिसमें वैश्विक स्तर पर व्यापक भागीदारी देखी गई।

